रेल भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद

सूबेदारगंज, इलाहाबाद-211011

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या 04/2012 के लिये पूर्व लिखित परीक्षा की सूचना

वेबसाइट: www.rrbald.gov.in & www.rrbald.nic.in

निम्नलिखित श्रेणियों/पदों के लिये पूर्व-लिखित परीक्षा का आयोजन रेलवे भर्ती बोर्ड इलाहाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जायेगा।

क्र0 सं0	परीक्षा की तिथि	पाली/समय	स्थान	श्रेणी संख्या	पद
1.	16 दिसम्बर 2012	11:00 बजे से 12:30 बजे	इलाहाबाद	केन्द्रीय रोजगार सूचना संख्या 04/2012 की सभी श्रेणी	रेलवे भर्ती बोर्ड/इलाहाबाद के सभी तकनिशियन पद
2.	16 दिसम्बर 2012	15:00 बजे से 16:30 बजे	इलाहाबाद, लखनऊ		
3.	23 दिसम्बर 2012	11:00 बजे से 12:30 बजे	इलाहाबाद, लखनऊ		

अभ्यर्थी हमारी वेबसाइट **www.rrbald.gov.in या www.rrbald.nic.in** पर दिये गये लिंक से ऑन लाइन काल लेटर का प्रिन्ट आउट दिनांक 10.12.2012 से निकाल सकते हैं।

कॉल लेटर की द्वितीय प्रति जारी करने की तिथि एवं समय	13- 15.12.2012 एवं 20- 22.12.2012 समय 10:00 - 17:00 बजे तक रेलवे भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद के कार्यालय में। **सूचनाः** दिनांक 23 दिसम्बर 2012 को परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपने कॉल लेटर की द्वितीय प्रति/संशोधित प्रति उपरोक्त उल्लिखित सभी तिथियों में प्राप्त कर सकते हैं।

सभी सफल अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र पहले ही डाक द्वारा भेज दिया गया है। रेलवे भर्ती बोर्ड डाक में हुई किसी प्रकार की देरी, यदि हो तो, के लिये उत्तरदायी नहीं होगी। कॉल लेटर न प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी ऑन-लाइन द्वारा वेबसाइटः **www.rrbald.gov.in या www.rrbald.nic.in** से अपने कॉल लेटर का प्रिन्ट आउट ले सकते हैं। ऑन-लाइन द्वारा लिये गये कॉल लेटर को निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये स्वीकार किया जायेगा। यदि कॉल लेटर में उल्लिखित अभ्यर्थी के नाम या फोटोग्राफ में कोई अन्तर पाया जाता है तो अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से 2 पासेपोर्ट साइज फोटो के साथ जैसा कि मूल आवेदन पत्र में लगा हुआ हो, रेलवे भर्ती बोर्ड/इलाहाबाद के कार्यालय में सम्पर्क करके कॉल लेटर की द्वितीय/संशोधित प्रति उपरोक्त उल्लखित तिथियों में प्राप्त कर सकता है। कॉल लेटर की द्वितीय प्रति केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को जारी की जायेगी जिसका नाम हमारी मास्टर लिस्ट/रिकार्ड में दर्ज हो। परीक्षा के दिन कॉल लेटर की द्वितीय प्रति या उसमें संशोधन के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

सूचनाः दिनांक 23 दिसम्बर 2012 को परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपनी कॉल लेटर की द्वितीय प्रति/संशोधित प्रति उपरोक्त उल्लिखित सभी तिथियों में प्राप्त कर सकते है, जबकि दिनांक 16 दिसम्बर 2012 को परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को दिनांक 13.12.2012, 14.12.2012 एवं 15.12.2012 को ही कॉल लेटर की द्वितीय प्रति जारी की जायेगी।

अभ्यर्थी के प्रार्थना प्रत्र की स्थिति एवं अन्य विवरण रेलवे भर्ती बोर्ड, इलाहाबाद की वेबसाइट **www.rrbald.gov.in या www.rrbald.nic.in** पर देखा जा सकता है। (हमारी कोई अन्य वेबसाइट नहीं है)

महत्वपूर्ण सूचनाः ऐसे दलालों से सावधान रहें जो अभ्यर्थियों को अवैध तरीके से नौकरी दिलाने का झूठा आश्वासन देकर गुमराह करते हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत है तथा अभ्यर्थी को चयन मेरिट के आधार पर ही होता है।

दिनांकः 19/11/2012 **अध्यक्ष**

"ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ"